कांग्रेस प्रत्याशी कुं. घनश्याम सिंह आज दाखिल करेंगे नामांकन

नवभारत न्यूज

दतिया, 12 जुलाई। वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व विधायक घनश्याम सिंह सोमवार को सुबह 10 बजे कांग्रेस कार्यकर्ताओं, वरिष्ठ नेताओं के साथ दतिया विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 22 से कांग्रेस प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन दाखिल करने से पहले रिंग रोड, भैरव मंदिर (राजगढ़ चौराहा) पर सुबह 10 बजे कांग्रेस की विशाल आमसभा होगी। आमसभा के पश्चात कांग्रेस प्रत्याशी घनश्याम सिंह जुलूस के रूप में गांधी

रोड, तिगेलिया, टाउन हाल, बड़ा बाजार, किला चौक सहित शहर के मुख्य मार्गों पर व्यापारियों से जनसंपर्क करेंगे।

इसके पश्चात न्यू कलेक्ट्रेट पहुंच कर नामांकन दाखिल करेंगे। कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह, मप्र कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी, मप्र कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, सांसद एवं सह प्रभारी मप्र कांग्रेस संजना जाटव, सांसद अशोक सिंह, पूर्व मंत्री अजय सिंह, विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा, भांडेर विधायक फूल सिंह बरैया, पूर्व मंत्री प्रियव्रत सिंह, पूर्व मंत्री प्रभू सिंह ठाकुर, विधायक पंकज उपाध्याय, पूर्व मंत्री लाखन सिंह यादव, विधायक, केशव देसाई, विधायक नितेन्द्र राठौड़, विधायक दिनेश गुर्जर, विधायक सुरेश राजे, विधायक साहब सिंह गुर्जर, विधायक सतीश सिकरवार, रामचन्द्र दांगी पूर्व विधायक, पूर्व विधायक नीटू सिकरवार, जिला संगठन प्रभारी रामलखन डंडोतिया, जिला कांग्रेस अध्यक्ष अशोक दांगी बगदा, वरिष्ठ नेता अवधेश नायक सहित अन्य वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे।

कुं. घनश्याम सिंह का टिकट होने पर बांटी मिठाइयां

नवभारत न्यूज

सेवढ़ा, 13 जुलाई। दतिया में होने जा रहे उपचुनाव के लिए सभी दलों ने अपने अपने प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं। गत रात्रि कांग्रेस पार्टी ने भी दतिया से कुंअर घनश्याम सिंह को अपना प्रत्याशी बनाया। कुंअर घनश्याम सिंह दतिया एवं सेवढ़ा विधानसभा से पूर्व विधायक हैं। कुंअर साहब का टिकट फाइनल होते ही दतिया सहित सेवढ़ा में भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह मिठाई बांटकर एक दूसरे को शुभकामनाएं दीं। आज कांग्रेस कार्यालय सेवढ़ा किलागेट पर ब्लॉक अध्यक्ष देशराज कुशवाह व नगर अध्यक्ष बादशाह खान द्वारा व सदर बाजार में बजरिया गली पर सेवादल जिलाध्यक्ष धीरज गंधी द्वारा व बस स्टैंड सेवढ़ा पर मंडलम अध्यक्ष रवि राजपूत द्वारा खुशियां जाहिर कर मिष्ठान वितरण कर सभी वरिष्ठ कनिष्ठ कार्यकर्ताओं ने शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर देशराज कुशवाह, बादशाह खान, धीरज गंधी, रवि राजपूत, वरिष्ठ कार्यकर्ता अपरबल सिंह साहनी, राजेंद्र नोनेरिया, मुन्ना सेंगर, राजकुमार श्रीवास्तव, भज्जू राजा परमार, वीर सिंह पचैरिया, सतेंद्र यादव, रामप्रसाद कुशवाह, जसवंत बघेल, हरिनारायण अहिरवार, कमलेश प्रजापति, नीरज राजपूत, लंबर परिहार, अजमेरी खान, इमरान खान, देवेंद्र परिहार, जयवीर परिहार, विनोद दावनी सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

अवैध हथियार सहित युवक को गिरफ्तार, पिस्टल व कारतूस जब्त

दतिया, 12 जुलाई। पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल के निर्देशन कोतवाली टीआई दिनेश सिंह राजपूत ने अवैध हथियारों को लेकर शहर मे घूमने वालों व अवैध शस्त्रों तस्करी करने वालों की धरपकड़ में मुखबिर की सूचना पर से डालडा फैक्ट्री के पास से आरोपी दीपक पुत्र राज किशोर उपाध्याय निवासी बडोखर मुरैना थाना स्टेशन रोड मुरैना को गिरफ्तार किया गया जिसके कब्जे से अवैध रूप से 1 पिस्टल व 1 जिन्दा राउण्ड को जब्त की गई। आरोपी पिस्टल कहां से लाए थे इस संबंध में विवेचना की जा रही है बाद आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा मे भेजा गया। सराहनीय कार्यवाही-उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक दिनेश सिंह राजपूत थाना प्रभारी कोतवाली, उनि. अजान सिंह, प्र. आर ब्रजराज तोमर, आर.आनंद तोमर, आर. धर्मेन्द्र यादव की सराहनीय भूमिका रही।

हवाई फायर मामले में फरार अपराधी अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

315 बोर का कट्टा व जिंदा कारतूस जब्त

नवभारत न्यूज

इंदरगढ़, 13 जुलाई। आगामी विधानसभा उपचुनाव-2026 के दृष्टिगत चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना गोराघाट पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना से गोराघाट श्मशान घाट रोड पर एक व्यक्ति अवैध हथियार लेकर किसी वारदात की फिराक में बैठा है। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची एवं घेराबंदी कर संदेही दीपक रावत पुत्र जयराम रावत (27 वर्ष) निवासी ग्राम मैंदौरा को पकड़ा। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से एक 315 बोर का देशी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस बरामद हुए। आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट का आपराधिक मामला पंजीबद्ध कर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।

पूछताछ में सामने आया कि आरोपी हवाई फायरिंग के प्रकरण में पिछले लगभग 10 माह से फरार चल रहा था। आरोपी एक आदतन अपराधी है तथा उसके विरुद्ध थाना गोराघाट में पूर्व से मारपीट, अवैध हथियार एवं हवाई फायरिंग सहित तीन आपराधिक प्रकरण दर्ज हैं। इस मामले में थाना प्रभारी विनीत तिवारी, मानसिंह धनोले, रॉकी रावत, राघवेंद्र, अनुज, जितेन, अनिल आदि की सराहनीय भूमिका रही।

पांच साल से फरार वारंटी को किया गिरफ्तार

इंदरगढ़, 13 जुलाई। थाना डीपार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर वारंटी बृजेश बघेल पुत्र राजेन्द्र सिंह बघेल (उम्र 29) के घर ग्राम खेड़ा सुल्तानपुरा जिला हाथरस (उ.प्र.) में दबिश देकर गिरफ्तार किया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी उपनिरीक्षक यादवेंद्र सिंह गुर्जर सहित रामकेश बघेल, प्रमोद गोयल, देवेन्द्र सिंह गुर्जर की सराहनीय भूमिका रही।

ग्रामीणों को शीघ्र ही मिलेगी कीचड़ से मुक्ति :सरपंच

सीहोर. ग्राम पंचायत बमूलिया में पंचायत भवन के सामने बनने वाले सीसी रोड़ का भूमिपूजन सरपंच रामस्वरूप (काले) विश्वकर्मा द्वारा किया गया. इस दौरान सचिव महेश परमार, रोजगार सहायक शेरसिंह परमार, पंच लखन परमार, अनिल परमार रूपसिंह, रूपसिंग परमार, भगवत सिंह परमार, रामसिंह ठाकुर आदि उपस्थित थे. इस दौरान सरपंच श्री विश्कर्मा ने कहा कि इस रोड़ निर्माण से लोगों को कीचड़ से मुक्ति मिल जाएगी. अब स्कूली बच्चों को ग्रामीणों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़ेगा. उन्होंने कहा कि गांव की मुख्य सड़क के निर्माण की भी जानकारी देते हुए बताया कि जल्दी ही उसका भी निर्माण कराने के प्रयास किए जा रहे हैं.

एक नजर में

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष ने ली संगठनात्मक बैठक

दतिया, 12 जुलाई। दतिया पहुंचे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल भाजपा की संगठात्मक बैठक में शामिल हुए। दतिया के होटल रतन रॉयल में चल रही बैठक में कई दिग्गज नेता मौजूद। बैठक में प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, प्रभारी मंत्री ऐंदल सिंह कंसाना सहित कई नेता मौजूद। दतिया में विरोध के बाद कार्यकर्ताओं को मनाने डैमेज कंट्रोल में जुटा है प्रदेश नेतृत्व।

मास्टर ट्रेनर का प्रशिक्षण आज

दतिया, 12 जुलाई। अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी भूपेन्द्र कुमार कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि दतिया विधानसभा उप निर्वाचन 2026 के क्रम में मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण प्रदान किया जाना है। इसी क्रम में आज 13 जुलाई को प्रात: 11 बजे से नवीन कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण में विलम्ब से उपस्थित होने अथवा अनुपस्थित रहने पर संबंधिता के विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जायेगी।

पीओ व पीवन का प्रशिक्षण 14 व 15 को

दतिया, 12 जुलाई। अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी भूपेन्द्र कुमार कुशवाहा ने जानकारी देते हुए बताया कि दतिया विधानसभा उप निर्वाचन के क्रम में पीओ एवं पीवन को प्रशिक्षा प्रदान किया जाना है। इसी क्रम में 14 एवं 15 जुलाई को न्यू कलेक्ट्रेट कार्यालय में दो पालियों प्रात: 10 से दोपहर 1 बजे तक एवं द्वितीय पाली में दोपहर 2 से 5 बजे तक तक प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

सीएम योगी तक पहुंचा सीवन अभियान का संदेश

सीहोर. रविवार को उत्तरप्रदेश के यमुना घाट पर सीवन अभियान टीम पहुंची. वामी युवराज अनिरुद्धायचार्य महाराज के सानिध्य में यमुना घाट पर दीप प्रज्वलन कर प्रमुख नदियों को स्वच्छ एवं मूल स्वरूप के लिए संदेश दिया. कार्यक्रम के दौरान वृंदावन के व्यापारी संघ के अध्यक्ष राजीव बंसल उपस्थित थे. कार्यक्रम के दौरान सीवन पुत्र प्रदीप चावड़ा द्वारा सभी को यमुना स्वच्छता संकल्प दिलाया गया. इस अवसर पर पं. मोहित राम पाठक, पं. चेतन उपाध्याय, डॉ. प्रदीप सिंह चौहान, प्रदीप साबू, राधेश्याम मकवाना, मुकेश राय, ब्रजेश पाराशर, संतोष मेवाड़ा, अखिलेश शर्मा, कनीराम मालवीय, लक्ष्मण सिंह चौकसे, कैलाश चौहान, विल्सन जैन, आलोक बंसल, डॉ. आरसी जैन, मनीष गुप्ता, विनय सिंह, राकेश शर्मा, समय जयपुरिया, शालिनी महेश्वरी, पूजा शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित थे.

भारत विकास परिषद ने मनाया स्थापना दिवस

सीहोर. भारत विकास परिषद शाखा द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर में गुरु वंदन, छात्र अभिनंदन एवं पौधारोपण कार्यक्रम स्थापना दिवस मनाया गया. संयोजिका श्रीमती शोभा चांडक ने गुरु-शिष्य परंपरा के महत्व को समझाया. सचिव रवि ठाकराल समिति के अध्यक्ष रितेश राठौर, सचिव नवीन सोनी, शोभा चांडक, समिति के सदस्यगण डॉ. गगन नामदेव एवं अरविंद गुप्ता ने शिक्षिका अर्चना तिवारी का सम्मान किया. श्रीमती अर्चना तिवारी विगत 40 वर्षों से विद्यालय को सेवा दे रही हैं एवं इसी विद्यालय की पूर्व छात्रा भी रही हैं. इसके साथ ही प्राचार्य जगन्नाथ सोहगपुरे का भी सम्मान किया गया. वहीं 5 मेधावी विद्यार्थियों को भारत को जानो पुस्तक देकर सम्मानित किया गया. अंत में विद्यालय परिवार एवं समिति सदस्यों ने मिलकर विद्यालय में पौधारोपण कर पर्यावरण बचाओ का संदेश दिया.

जन्मदिन के उपहार से विद्यालय हुआ सर्वसुविधायुक्त

सीहोर. शासकीय माध्यमिक शाला कौड़ियाछीतू ने एक अनुकरणीय पहल की है. विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय सक्सेना के नेतृत्व में समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने जन्मदिन को केवल उत्सव नहीं, बल्कि समाज और प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का माध्यम बना दिया है. विद्यालय में प्रत्येक शिक्षक ने अपने जन्मदिवस पर पौधारोपण कर परिसर को हरा-भरा बना दिया है, अब पौधों ने वृक्ष का रूप ले लिया है. विद्यालय के सभी कक्षों में शिक्षकों ने अपने जन्मदिवस पर शाला के सभी कक्षों में पंखे भी लगाए गए हैं. जिससे भीषण गर्मी में भी छात्र-छात्राएं शीतल एवं अनुकूल वातावरण में अध्ययन किया जिससे उनकी पढ़ाई पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा.

अवैध मछलियों का परिवहन करते कार को पकड़ा

- नीलकंठ रोड पर कार से दो क्विंटल मछली बरामद
- भैरूंदा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

भैरूंदा 12 जुलाई. पुलिस ने नर्मदा नदी से अवैध रूप से मछली का परिवहन करने वाले आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दो क्विंटल मछली एवं परिवहन में कार जब्त कर ली गई है.

जानकारी के अनुसार रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि कार क्रमांक एमपी04 सीए 8812 में अवैध रूप से मछली लेकर एक व्यक्ति नीलकंठ रोड से आ रहा है. पुलिस ने ग्राम सोठिया पेट्रोल पंप के पास घेराबंदी कर वाहन को रोक लिया. वाहन की तलाशी लेने पर करीब 30 नग मछलियां, जिनका कुल वजन लगभग दो क्विंटल था, बरामद हुई. पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करते हुए मछली तथा घटना में प्रयुक्त टाटा सफारी वाहन को विधिवत जब्त कर लिया गया. पुलिस द्वारा आरोपी वाहन चालक सरफराज खान निवासी भोपाल को नोटिस तामील कराया गया है. कार्रवाई में उपनिरीक्षक कौशलेंद्र, एएसआई रामकृष्ण गौर, प्रधान आरक्षक दीपक यादव, आरक्षक राकेश की सराहनीय भूमिका रही.

ई-लोक अदालत में 14 प्रकरणों में समझौता

सीहोर. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला न्यायालय एवं तहसील न्यायालयों में ई-लोक अदालत का आयोजन किया गया. ई-लोक अदालत में जिला एवं तहसील स्तर पर कुल 09 खण्डपीठों का गठन किया गया. ई-लोक अदालत में कुल 45 प्रकरण रखे गए. 14 प्रकरणों का निराकरण कर समझौता राशि 53 लाख 69 हजार 593 रुपए प्राप्त हुई. ई-लोक अदालत लगाये जाने के निर्देश के पालन में जिले में पहल की गई.

पक्षकारों के आपसी सहमति एवं स्वेच्छा से 14 प्रकरणों में समझौता कराया गया.

साहित्यकारों की प्रेरणा है कविता पर्व : डॉ. मधुलिका

दतिया, 12 जुलाई। मेरे जीवन का अनमोल क्षण बन गया है कविता पर्व। कला, साहित्य, संस्कृति जगत में डॉ.आलोक एक जाना पहचाना नाम है, वह अनेक कवियों के प्रेरणा रहे हैं, वह चलते फिरते संस्थान हैं, आज सम्मान पाकर मैं गौरवान्वित हूं। यह मेरे जीवन का अनमोल क्षण है।

उक्त बात न्यू दतिया पब्लिक स्कूल के परिसर में, आयोजित मासिक कविता पर्व के दौरान मुख्य अतिथि गीतकार डॉ. मधुलिका सिंह भदौरिया (ग्वालियर) ने व्यक्त किए। विशिष्ट अतिथि के रूप में साहित्यकार डी.के. सक्सेना, (ग्वालियर) उपस्थित थे। अतिथि कवि के रूप में जीवाजी विवि के कपिल सक्सेना कवि मनीराम शर्मा तनु प्रताप सिंह गौर महेश त्रिपाठी हरिकृष्ण हरि सहदेव कुशवाहा, कपिल सक्सेना साहित्यकार हरिहर शर्मा सुन्दर लाल श्रीवास्तव कमलकांत शर्मा ने अपनी-अपनी रचनाएं सुनाईं। इस अवसर पर आलोक सोनी, तनुप्रताप सिंह, देव प्रजापति ने अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। आभार श्रीमती संध्या सोनी ने व्यक्त किया।

शहीदों के बलिदान पथ पर शराबियों का कब्जा

सैकड़ाखेड़ी मार्ग स्थित शहीद स्मारक पर शराबियों के अलावा संदिग्ध तत्वों की भी रहती मौजूदगी

- सैकड़ाखेड़ी मार्ग स्थित शहीद स्मारक मार्ग बना अहाता,
- शाम ढलते ही शराबियों की टोलियां जम जातीं

नवभारत न्यूज

सीहोर12 जुलाई. देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर शहीदों की स्मृति में बनाए गए शहीद स्मारक की गरिमा इन दिनों असामाजिक तत्वों के कारण तार-तार होती दिखाई दे रही है. सेकड़ाखेड़ी मार्ग स्थित शहीद स्मारक तक जाने वाला बलिदान पथ अब श्रद्धा का मार्ग कम और शराबियों का अड्डा अधिक नजर आने लगा है। शाम ढलते ही यहां खुलेआम शराब की महफिलें सजती हैं और देर रात तक नशे में धुत लोगों का जमावड़ा लगा रहता है.

स्थानीय लोगों के अनुसार यह स्थिति पिछले काफी समय से बनी हुई है, लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है. सुबह होने पर पूरे मार्ग पर शराब की खाली बोतलें, डिस्पोजल गिलास, नमकीन और चखने के पैकेट बिखरे दिखाई देते हैं. शहीद स्मारक जैसे पवित्र स्थल तक पहुंचने वाले मार्ग की यह तस्वीर न केवल शहर की छवि धूमिल कर रही है, बल्कि शहीदों के सम्मान को भी ठेस पहुंचा रही है.

सीवन लाइफ कॉलोनी सहित आसपास के रहवासियों का कहना है कि शाम के बाद इस रास्ते से निकलना जोखिम भरा हो जाता है. शराब के नशे में धुत लोग सड़क किनारे बैठकर शराब पीते हैं और आने-जाने वालों से अभद्र व्यवहार करते हैं. कई बार समझाने या विरोध करने पर विवाद की स्थिति बन जाती है. महिलाओं और युवतियों को सबसे अधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. रहवासियों का आरोप है कि शराबी महिलाओं पर अश्लील फब्तियां कसते हैं, जिससे परिवारों में भय व असुरक्षा का माहौल बना हुआ है. कॉलोनीवासियों का कहना है कि इस संबंध में कई बार डायल-112 और पुलिस को सूचना दी गई, लेकिन नियमित गश्त नहीं होने से शराबियों के हौसले बुलंद हैं. एक रहवासी ने बताया कि शिकायत करने पर उनसे पूछा गया, क्या शराबी आपसे कुछ कह रहे हैं.

ऐसी प्रतिक्रिया पुलिस की संवेदनशीलता पर सवाल खड़े करती है.उनका कहना है कि यदि किसी अप्रिय घटना का इंतजार किया जा रहा है, तो यह बेहद चिंताजनक है. रहवासियों ने एसपी से मांग करते हुए कहा है कि शहीदों की स्मृति से जुड़े इस स्थल की गरिमा बनाए रखना प्रशासन और समाज की जिम्मेदारी है.

औद्योगिक क्षेत्र की सड़कों पर भी सजती महफिल

शहीद स्मारक वाले रास्ते की ही तरह बड़ियाखेड़ी स्थित औद्योगिक एरिए की सड़कें भी शाम ढलते ही मयखानों में तब्दील हो जाती हैं. सड़क किनारे कार खड़ी करके युवाओं की टोलियां जाम छलकाती देखी जा सकती हैं. कई बार तो इंडस्ट्रियल एरिए में स्थापित उद्योगों की चारदीवारी के समीप शराबियों के झुंड बैठे नजर आते हैं. पूर्व में एकाध बार पुलिस द्वारा यहां रात में गश्त की गई थी जिससे शराबियों के यहां आने में कमी आई थी, लेकिन पुलिस की शिथिलता ने उन्हें फिर इस एरिए को ओपन अहाता बनाने की अघोषित रूप से छूट प्रदान कर दी है.

`जुआ फड़ पर दी दबिश, पांच आरोपी गिरफ्तार

भैरूंदा. पुलिस ने जुआरियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करते हुए पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 79,510 रुपये नकद एवं 52 ताश के पत्ते जब्त किए हैं. सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है. जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि राला स्थित ढाबे के पास एक गुमटी पर कुछ लोग ताश के पत्तों पर हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं. सूचना को गंभीरता से लेते थाना प्रभारी घनश्याम दांगी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई. टीम ने मौके पर दबिश देकर पांच आरोपियों को पकड़ लिया. गिरफ्तार आरोपियों में कमल लोहार, आशीष यादव, अर्जुन पंवार, प्रद्युम्न यादव तथा मंगल सिंह लोहार शामिल हैं. पुलिस ने आरोपियों के पास से 79 हजार 510 रुपये नकद और 52 ताश के पत्ते जब्त किए. सभी आरोपियों के विरुद्ध जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है.

15 गांवों के ग्रामीण मिलकर करेंगे माता की पहाड़ी को हरा भरा

नवभारत न्यूज

सीहोर 12 जुलाई. पर्यावरण संतुलन के प्रति जन जगरूकता लाने और बड़ली माता पहाड़ी को हराभरा कर पर्यावरण संतुलन बनाने के लिए 23 जुलाई को 1111 पौधारोपण का महायज्ञ 15 ग्राम वासियों के सहयोग और समन्वय से सम्पन्न होगा.

अखिल विश्व परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान मे 100 वर्षों से निरंतर प्रज्वलित अखंड दीप एवं गायत्री परिवार की संस्थापिका माता भगवती देवी शर्मा की जन्म शताब्दी का महा आयोजन किया जा रहा है. इस आयोजन के लिए गायत्री मिशन के समाज निर्माण और राष्ट्र जागरण के निमित्त सप्त आंदोलन मे हरीतिमा संवर्धन पर विशेष जोर दिया जा रहा है. गायत्री परिवार प्रचार प्रसार की योजना बनाकर आसपास के 15 ग्रामों के जन मानस की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जुटा है. कार्यम में आरपी हजारी के मार्गदर्शन में बड़ली माता पहाड़ी पर गायत्री परिवार और क्षेत्र के प्रमुख व्यक्तियों की उपस्थिति में समितियों का गठन कर कार्ययोजना समझाई गई.

इस दौरान श्याम शर्मा, डॉ विमल तेजराज, प्रेमलाल कुशवाह, भोपाल सिंह, महेश विजयवर्गीय, नारायण सिंह, सरपंच इमरत सिंह, गीता बाई राठौर, सुमेर सिंह, रामरतन मालवीय, यशपाल कुशवाह, रमीला परमार, डालिता राय, पिंकी यादव व आष्टा, श्यामपुर, इछावर, भोपाल, बुधनी, रेहटी गायत्री परिवार की शाखाओं के कार्यकर्ता और रायपुरा, दीपड़ी, मूंगावली जमुनिया, थूनाखुर्द, नोनीखेड़ी, खामलिया, डोबरा, बड़वेली, दुपाड़िया, मुहाली, बड़ी मुंगावली राजूखेड़ी, सेमली, जाखाखेड़ी के ग्रामीण मौजूद थे.

बर्तन बेचने की आड़ में चुराए स्वर्णाभूषण

नवभारत न्यूज

बुधनी 12 जुलाई. थाना क्षेत्र के छैघरा में बर्तन बेचने के बहाने घर में घुसीं दो अज्ञात महिलाओं ने सोने के आभूषण चोरी कर लिए. पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है.

पुलिस के अनुसार छैघरा निवासी ज्योति मीना ने बताया कि उन्हें पैसों की जरूरत थी. इसलिए पुराना मंगलसूत्र गिरवी रखने के लिए पर्स में रख लिया था. मंगलसूत्र में 24 सोने के मोती थे. दो सोने की बालियां थीं. दोपहर करीब 12 बजे घर के सामने से बर्तन बेचने वाली दो महिलाएं आवाज लगाते हुए निकलीं. ज्योति ने उन्हें बर्तन दिखाने के लिए आंगन में बुलाया.

इसी दौरान वह घर के पीछे काम कर रहे मिस्त्री को चाय देने चली गईं. कुछ देर बाद लौटीं तो दोनों महिलाएं जा चुकी थीं. उन्होंने बिस्तर में रखा पर्स देखा तो वह गायब था. काफी तलाश की पर महिलाओं का कोई पता नहीं चला. अपने आभूषण गंवा चुकी महिला ने थाने में शिकायत दर्ज कराई. पुलिस ने अज्ञात महिलाओं की तलाश शुरू कर दी है.

अमरगढ़ जलप्रपात जा रहे पर्यटकों को बैरंग लौटाया

- जिला प्रशासन द्वारा किए हैं प्रतिबंधात्मक आदेश जारी
- शनिवार को भी कई पर्यटकों को जाने से रोका गया था

नवभारत न्यूज

सीहोर 12 जुलाई. कलेक्टर के निर्देशानुसार अमरगढ़, दिगंबर और कालियादेव वॉटरफॉल सहित इन सभी दुर्घटना संभावित स्थलों पर नागरिकों को जाने से रोकने के लिए इनके पहुंच मार्गों पर टीमें तैनात की गई हैं. टीम द्वारा अमरगढ़ वॉटरफॉल जा रहे 20 लोगों को प्रतिबंधात्मक आदेश के चलते वापस लौटाया गया.

वर्षाकाल में नागरिकों की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए जिले के सभी वॉटरफॉल, डैम, जल पर्यटन स्थलों एवं अन्य जोखिमपूर्ण स्थानों पर वर्षा के दौरान दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए राजस्व, वन, पुलिस तथा अन्य विभागों के मैदानी अमले की ड्यूटी लगाई गई है, ताकि पर्यटकों को प्रतिबंधित क्षेत्रों में जाने से रोका जा सकेकलेक्टर ने पर्यटकों से अपील की है कि वे अपनी तथा अपने परिवार की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश न करें.

एसडीएम-तहसीलदार ने किया कालियदेव का निरीक्षण

इछावर. एसडीएम श्रीमती स्वाति मिश्रा, तहसीलदार सुश्री अनामिका चतुर्वेदी सहित राजस्व, पुलिस व जनपद के अधिकारियों ने कालियादेव वॉटरफॉल का निरीक्षण किया.